तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 25 मार्च 2026


14 बड़गांव में जस झांकी में भक्ति और संस्कृति का अनूठा संगम



13 परिक्षेत्र स्तरीय कर्मा जयंती महोत्सव, कलश ...





## नवरात्रि विशेष



### सप्तमी : कालरात्रि

माता दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि नाम से विख्यात है। सातवें नवरात्रि की मां कालरात्रि के पूजन का विधान है। मां का यह स्वरूप अत्यंत भयानक है। इनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह काला है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं। गले में बिजली की भांति चमकने वाली माला है। लेकिन मां का यह रुप सदैव शुभ फल देने वाला है। इसी कारण इनका एक नाम शुभंकरी भी है। मां कालरात्रि अपने भक्तों को दुष्टों से बचाने वाली है। कालरात्रि मां ग्रह बाधा को दूर भगाती है। मनुष्य को मन से कालरात्रि की अवश्य करना चाहिए। मां कालरात्रि उपर से उठे हुए दाहिने हाथ अभयमुद्रा में है। बांया तरफ के उपर वाले हाथ में लोहे का कांटा और नीचे वाले हाथ में खडग है। माता के इस रुप की पूजा करने वाले भक्त का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। मां की पूजा मात्र से भक्तों के सारे कष्ट दूर होने लगते हैं। उसके लिए ब्रह्मांड की संपूर्ण सिद्धियों के द्वार खुलने लगते हैं। इनकी पूजा- करने वाले को अग्नि भय,जल भय, शत्रु भय, रात्रि भय कभी नहीं होते। इन मां की कृपा से भक्त सर्वथा भय से दूर रहता है। मां कालरात्रि भक्तों को सदैव सुख देने वाली है। इनकी उपासना का श्लोक है-

एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी।।
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।
वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी ।।

# एआई तकनीक युक्त एक्स-रे मशीन का उद्घाटन, अभियान रथ को हरी झंडी दिखा किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

विश्व टीबी दिवस के अवसर पर ग्राम अंडा में “टीबी मुक्त भारत अभियान 2.0” के अंतर्गत 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान का ब्लॉक स्तरीय उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि के रूप में श्रीमती मीनाक्षी चंद्राकर सम्मिलित हुईं। इस अवसर पर एआई तकनीक से युक्त आधुनिक एक्स-रे मशीन का विधिवत पूजन-अर्चना कर उद्घाटन किया गया तथा “टीबी मुक्त भारत अभियान” रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। साथ ही मरीजों को निराक्षय सुपोषण टोकरी प्रदान किया गया।आयोजकों ने बताया कि नई मशीन से समय पर व त्वरित जांच की सुविधा मिलेगी

## लक्षण दिखते ही जांच कराने की अपील

### विशेष ध्यान दिया जाएगा

जिला क्षय अधिकारी डॉ. अभिषेक श्रीवास्तव एवं डॉ. देवेंद्र बेलचंदन ने बताया कि घर-घर सक्रिय स्क्रीनिंग, संपर्क ट्रेसिंग, निक्षय पोर्टल पर पंजीकरण, निक्षय मित्रों के सहयोग से पोषण सहायता तथा नियमित फॉलो-अप पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। हेल्थ कैंप व मोबाइल स्क्रीनिंग टीम के माध्यम से दूरस्थ टोलों तक पहुंच सुनिश्चित की जाएगी।



### ये रहे उपस्थित

समारोह में जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, जनपद सदस्य अजीत चंद्राकर, सरपंच दिग्विजय सिन्हा , जिला मंत्री गिरेश साहू, मंडल अध्यक्ष लीकेश्वर देशमुख, महामंत्री डिलेश साहू, नोमेश्वर पिपरिया, हेमलाल निषाद, मुकेश बेलचंदन, सरपंच योगेंद्र दिल्लीवार, राजेंद्र वर्मा, विमल वर्मा, राकेश सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी, पंचायत प्रतिनिधि एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

लोगों को अब टीबी की जांच के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा, रिपोर्ट शीघ्र प्राप्त होगी और उपचार तत्काल प्रारंभ किया जा सकेगा। विधायक प्रतिनिधि मीनाक्षी चंद्राकर ने कहा, “टीबी को जड़ से खत्म करने के लिए सबसे ज़रूरी है। लक्षण दिखते ही समय पर जांच और पूरा इलाज। एआई एक्स-रे जैसी सुविधा अब हमारे ब्लॉक में उपलब्ध है, जिससे शीघ्र पहचान और तत्काल उपचार संभव होगा। मैं सभी ग्रामवासियों से आग्रह करती हूं कि दो हफ़्ते से अधिक खांसी, बुखार, वज़न घटना जैसे लक्षण दिखें तो तुरंत नजदीकी केंद्र पर जांच कराएं उपचार मुफ़्त है और बीच में न छोड़ें। पंचायत, स्वास्थ्य टीम और समाज मिलकर टीबी-मुक्त अंडा व टीबी-मुक्त दुर्ग का लक्ष्य हासिल करेंगे।

हादसा : टेकापार पेट्रोल पंप के पास हुआ हादसा

# तेज रफ्तार बाइक खड़ी ट्रक से टकराई एक युवक की मौत, दो गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

एक ही बाईक में सवार तीन युवक सड़क किनारे खड़ी ट्रक से जा टकराए। जिसमें एक की ईलाज के दौरान मौत हो गई वही दो अन्य घायल हो गए है। घायलो को भी गंभीर चोटे आई है। जिनका ईलाज जारी है। तीनों युवक टेकापार के निवासी बताए जा रहे है।

मिली जानकारी के अनुसार घटना बालोद से दुर्ग मार्ग पर ग्राम टेकापार के पास मंगलवार शाम करीब 7 बजे की बताई जा रही है। जहां तेज रफ्तार बाइक खड़ी ट्रक से जा टकराई। बाईक में तीन युवक सवार थे, जिनमें दुर्घटना में तीनो को



गंभीर चोटें आई, जिन्हे ईलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां ईलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान कृष्णा के रूप में हुई है, जो पेशे से ट्रक ड्राइवर भी था। जानकारी के अनुसार हादसे के समय बाइक वहीं चला रहा था। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कृष्णा के सिर पर गंभीर चोट आई, जिससे अत्यधिक रक्तस्त्राव हुआ।

### घायलों का इलाज जारी

बताया जा रहा है कि यह हादसा टेकापार स्थित पेट्रोल पंप से कुछ दूरी पर हुआ। दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण और पुलिस मोके पर पहुंचे। वहीं, घायल तीनो युवकों को संजीवनी 108 एंबुलेंस की मदद से तत्काल जिला अस्पताल बालोद पहुंचाया गया, जहां दो युवको का उपचार जारी है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और यह पता लगाया जा रहा है कि ट्रक सड़क किनारे किस स्थिति में खड़ा था ओर दुर्घटना के पीछे अन्य कारण क्या रहे।

# गन्ना भुगतान में देरी से किसान परेशान कारखाना प्रबंधन को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

जिले के एक मात्र कारकाभाट शक्कर कारखाना में गन्ना किसानों द्वारा गन्ना बेचे विगत तीन माह बीतने को है।

इसके बावजूद भी अब तक गन्ना किसानों को उनकी मेहनत का राशि अब तक उनके खातों में नहीं पहुंच पाई है, जिसके चलते किसानों को आर्थिक समस्या से जूझना पड़ रहा है, आलम यहां हो गया है कि खुद के पैसे के लिए किसानों को बार–बार कारखाना जाकर राशि की मांग करना पड़ रहा है। इसके बावजूद कारखाना द्वारा किसानों को अब तक राशि अब तक किसानों को नहीं मिल पाया है, स्थिति को देखते हुए भारतीय किसान संघ द्वारा कारखाने पहुंचकर जीएम को ज्ञापन दिया गया है। जिला प्रशासन ,कारखाना एवं कृषि विभाग के मार्गदर्शन में क्षेत्र के किसान धान के बदले गन्ने की खेती कर रहे हैं, जिससे कि किसान प्रगतिशील हो सके, किंतु कारखाना द्वारा किसानों को गन्ने की राशि नहीं मिल पाने से किसानों की गन्ने की खेती से मोह भंग होते दिख रहा है।

### आर्थिक परेशानी

कन्हारपुरी के किसान ओमप्रकाश देवांगन, ईश्वर सिंन्हा ने बताया कि दिसंबर माह में कारखाना में गन्ना बेचे हैं, किंतु अब तक पैसा हम किसानों को नहीं मिल पा रहा है, जिसके कारण हम किसानों को आर्थिक परेशानी झेलना पड़ रहा है उन्होंने बताया कि गन्ने की खेती में लागत प्रतिवर्ष बढ़ती जा रही है, किन्तु गन्ने की कीमत मैं बढ़ोतरी नहीं हुई है, जिससे कि हम किसान अब गन्ने की जगह धान की फसल लेने के लिए मजबूर हो रहे हैं। भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष सांवत राम साहू ने बताया कि शक्कर कारखाना करकाभाट द्वारा पिछले सत्र सितंबर माह में कृषक संगोष्ठी के माध्यम से अधिक आय वाली फसल गन्ने की खेती लगाने की अपील की गई थी, जिसमें किसानों को आस्वस्त किया था कि गन्ने की राशि का 80 प्रतिशत भुगतान एक मुस्त कर दिया जाएगा, किंतु तीन महान बीतने को है कारखाने द्वारा किसानों को अब तक राशि नहीं मिल पाई है, अगर ऐसा स्थिति रहा तो जिले में गन्ने की खेती बंद होने के कगार पर आ जाएगा।

## खबर संक्षेप

### रामनगर में नव-कलामंच का आज होगा भव्य लोकार्पण

**डौंडीलोहारा।** नगर के आदिवासी कॉलोनी, वार्ड क्रमांक 15 रामनगर स्थित शिव मंदिर के समीप निर्मित नव-कलामंच का आज 25 मार्च बुधवार को शाम 4 बजे भव्य लोकार्पण समारोह आयोजित होगा। कार्यक्रम को लेकर कालोनी में उत्साह का माहौल बना हुआ है। स्थानीय नागरिकों, युवाओं एवं जनप्रतिनिधियों में आयोजन को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक अनिला भेड़िया उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनजाति सेवा समिति डौंडीलोहारा के अध्यक्ष श्री सेवाराम चंदेल करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार प्रभाकर, विधायक प्रतिनिधि गोविंद चंद्राकर एवं जिला पंचायत ▶▶|शेष पेज 12 पर



# खरीफ की तैयारी तेज, किसानों को समय पर खाद-बीज उपलब्ध कराने के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

आगामी खरीफ वर्ष 2026 में जिले के किसानों को समय पर समुचित मात्र में खाद, बीज की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु आज संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में सहकारिता, कृषि, खाद बीज विकास निगम एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जिले के कृषकों को समय पर खाद, बीज का प्रबंध करने में किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो इसके लिए सभी तैयारियां सुनिश्चित की जाए।

- सहकारी समितियों में भंडारण और उठाव की समीक्षा
- किसानों को किसी भी तरह की परेशानी न हो : कलेक्टर

बैठक में कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने जिले के सहकारी समितियों में खाद, बीज की भण्डारण एवं उठाव की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने बालोद जिले के युरिया खाद के भण्डारण हेतु प्राप्त लक्ष्य के संबंध में भी जानकारी दी। उन्होंने अधिकारियों को किसानों के मांग के अनुरूप खाद का वितरण सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए। मिश्रा ने अधिकारियों को आगामी खरीफ सीजन हेतु 01 अप्रैल से किसानों को खाद का वितरण प्रारंभ कराने को कहा। जिससे कि किसानों को समय पर खाद, बीज उपलब्ध हो सके।

उन्होंने अधिकारियों को इस बात का विशेष ध्यान रखने को कहा कि किसानों को खाद, बीज की प्रबंध करने में किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। इसके लिए उन्होंने 01 से 20 अप्रैल तक जिले के किसानों को खाद, बीज का समुचित वितरण सुनिश्चित कराने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को समितिवार खाद, बीज की मांग एवं आवश्यकता की जानकारी उपलब्ध कराने को कहा।

## लाखों हितग्राहियों को मिलेगा सीधा आर्थिक संबल

# भूमिहीन कृषि मजदूरों को आज राशि होगी अंतरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला प्रशासन द्वारा संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में सुबह 10.30 बजे से जिला स्तरीय कार्यक्रम का भी आयोजन किया जा रहा है।

- गरीब और श्रमिक वर्ग के सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम

समारोह में जिले के गणमान्य जनप्रतिनिधियों के अलावा दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के लाभान्वित हितग्राहीगण शामिल होंगे। योजना के अंतर्गत बालोद जिले के 16 हजार 488 हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा।

समारोह में जिले के गणमान्य जनप्रतिनिधियों के अलावा दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के लाभान्वित हितग्राहीगण शामिल होंगे। इसके अंतर्गत इस योजना से लाभान्वित जिले के महिलाओं तथा बैगा, पूजारी, चरवाहा, बढ़ाई आदि को आमंत्रित किया जाएगा।



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार की दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना न केवल एक वित्तीय सहायता कार्यक्रम है, बल्कि यह समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को सम्मानजनक जीवन देने का एक महायज्ञ भी है।

इस योजना के तहत इस साल 04 लाख 95 हजार 965 भूमिहीन हितग्राहियों के खाते में सीधे 10 हजार रुपये की धनराशि प्रत्येक हितग्राही के मान से अंतरित की जाएगी। इसके लिए राज्य सरकार की ओर से 495 करोड़ 96 लाख 50 हजार रुपये की राशि का प्रावधान किया गया है। इस सूची में 22 हजार 28 बैगा और गुनिया परिवार भी शामिल हैं, जो राज्य की सांस्कृतिक और पारंपरिक विरासत के रक्षक हैं। राज्य सरकार ने पिछले वर्ष भी इस योजना के माध्यम से रिकॉर्ड सहायता प्रदान की थी। साल 2025 में कुल 5,62,112 हितग्राहियों को 10,000 रुपये के हिसाब से 562 करोड़ 11 लाख 20 हजार रुपये की राशि वितरित की थी। आंकड़ों का यह निरंतर प्रवाह दर्शाता है कि राज्य सरकार भूमिहीन परिवारों के आर्थिक सु–ढ़ीकरण के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है।

25 मार्च को बलौदाबाजार से जब मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राशि अंतरित करेंगे, दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना ने यह साबित कर दिया है कि जब सरकार की नीयत साफ और नीति स्पष्ट हो, तो विकास की किरण हर झोपड़ी तक पहुंचती है। इस योजना की सबसे बड़ी विशेषता इसका समावेशी स्वरूप है। इस वर्ष की लाभार्थी सूची में 22,028 बैगा और गुनिया परिवार भी शामिल हैं। ये वे लोग हैं जो हमारी प्राचीन औषधीय परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को सहेज कर रखे हुए हैं। सरकार ने इन्हें मुख्यधारा से जोड़कर यह संदेश दिया है कि अंत्योदय की कतार में खड़ा आखिरी पंक्ति के व्यक्ति भी शासन की प्राथमिकता में सबसे ऊपर है। दीनदयाल ▶▶|शेष पेज 12 पर




## खबर संक्षेप



### मालवाहक वाहनों में सवारी बैठाने पर रोक, पुलिस ने दी समझाइश

**डौण्डीलोहारा।** थाना मंगचुवा क्षेत्र में हाल ही में हुई सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सतर्कता बढ़ा दी है। इसी क्रम में मंगलवार को थाना मंगचुवा प्रभारी प्रदीप कंवर द्वारा मालवाहक वाहन मालिकों की बैठक ली गई, जिसमें सुरक्षा नियमों का पालन करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में पिकअप, माजदा, ट्रैक्टर जैसे मालवाहक वाहनों में सवारी न बैठाने के निर्देश दिए गए। थाना प्रभारी ने स्पष्ट कहा कि ऐसे वाहनों में सवारी बैठाना दुर्घटना को आमंत्रण देना है, जिससे जनहानि की आशंका बनी रहती है। पुलिस की अपील प्रदीप कंवर ने वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के लिए यातायात नियमों का पालन अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय शराब का सेवन न करें और पूरी सावधानी बरतें। साथ ही दोपहिया वाहन चालकों को हेल्मेट पहनकर ही वाहन चलाने की समझाइश दी गई।

### गौ सम्मान अभियान के तहत गांव-गांव पहुंच रहे गौ सेवक



**गुण्डरदेही।** गौ सम्मान अभियान के तहत गौ सेवको द्वारा गुण्डरदेही अंतर्गत आने वाले विभिन्न गांव मे जाकर गौ भक्त आने वाले 27 अप्रैल को गौ सम्मान दिवस मनाने आव्हान किया जा रहा है।
इस अभियान मे गौ सेवको द्वारा बताया जा रहा कि गौ माता मे 33 कोटि देवी देवता वास करती है गौ माता को सेवा सुरक्षा व सम्मान मिलना चाहिए, पुरे भारत मे गौ हत्या बंद होना चाहिए, गौ माता को उचित सुरक्षा व अनुसंधान मिलना चाहिए, गौवंश के लिए गौ शाला बने तकि उचित व्यवस्था हो सके आदि इन सब बातो को वताया जा रहा है।

### महावीर स्वामी का 8 दिनी जन्मकल्याणक महोत्सव प्रारंभ



**बालोद।** अहिंसा के अवतार श्रमण भगवान महावीर स्वामी के 8 दिवसीय जन्मकल्याणक महोत्सव प्रारंभ हुआ। महोत्सव के प्रथम दिन सुबह 6 बजे जैन मंदिर परिसर से प्रभात फेरी निकाली गई। भगवान महावीर के जियो और जीने दो के नारे लगाते समुदाय के लोग जैन भजन के साथ अनुशासन पालन करते हुए नगर भ्रमण किया गया। इस अवसर पर स्थानीय महावीर भवन में नवकारसी एवं नवकार मंत्र का जाप भी किया गया। प्रभात फेरी में जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष डॉ प्रदीप जैन श्री संघ के अध्यक्ष ताराचंद सांखला, जन्मकल्याणक समिति के अध्यक्ष हरीश सांखला, मांगीलाल ढेलढीया, गुलाब चंद नाहटा, गौतम चंद नाहटा, मोहन नाहटा, गौतमचंद बाफना, संतोष नवलखा, स्वरूप गोलछा, कुशालचंद परख, प्रमोद, विनोद गोलछा, ललित श्रीश्रीमाल, दिनेश श्रीश्रीमाल, मुकेश भंसाली, सुभाष चोपड़ा, सुरेश ललवानी, प्रदीप चोरड़िया, विनोद श्रीश्रीमाल, लक्की लोढ़ा, निलेश नाहटा, शुभम श्रीश्रीमाल, महावीर बाफना, देवेंद्र नाहटा, त्रिशला जैन, कंचन श्रीश्रीमाल, सरिता गोलछा, रंजना भंसाली, गिफ्टी भंसाली, निक्कू चोरड़िया, पूजा श्रीश्रीमाल, दर्शिका लोढ़ा, सुशीला गोलछा सहित समाज के सैकड़ों लोग शामिल हुए।

### टीएंडी में सुरक्षा जागरुकता सप्ताह का समापन

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के परिवहन एवं डीजल विभाग में सुरक्षा जागरूकता सप्ताह का समापन बिल्डिंग-14 के कॉन्फ्रेंस हॉल में हुआ। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तुषारकान्त तथा महाप्रबंधक सुकुमारन सुनोव थे। अध्यक्षता महाप्रबंधक प्रभारी गोपीनाथ मलिक ने की। विभागीय सुरक्षा अधिकारी विजय कुमार ने सुरक्षा शपथ दिलाई।

## आयोजन : सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम का शुभारंभ

# चंदखुरी में महिला सशक्तिकरण सम्मान समारोह पद्मश्री शमशाद बेगम ने महिलाओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्रामीण युवाओं द्वारा दुर्ग ब्लॉक के ग्राम चंदखुरी में महिला सशक्तिकरण सम्मान समारोह का आयोजन रविवार 22 मार्च को शक्ति चौक पर किया गया है।

■ उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का किया सम्मान

इस आयोजन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मितानिन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, महिला पंच, विहान से जुड़ी महिलाओं के साथ-साथ स्वास्थ एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लगभग 60 महिलाओं को नारी सम्मान से पद्मश्री शमशाद बेगम द्वारा नवाजा गया बूढी मां से आशीर्वाद लेकर पद्मश्री शमशाद बेगम ने महिलाओं को महिला सशक्तिकरण के लिए प्रेरणा एवं उन्होंने जमीनी स्तर पर काम करने की प्रेरणा दी।

उनके द्वारा ग्रामीणों से मिलकर बातचीत करते हुए अपने अनुभव को साझा किये एवं उन्होंने कहा कि जमीन हमारी पूंजी है जमीन में ही रहकर ही हम आम जनों का कल्याण कर सकते हैं। संतोष विनीता धिवर तथा फिल्म निर्देशक उत्तम तिवारी एवं साथियों द्वारा भजन तथा गीत के साथ कार्यक्रम का प्रारंभ किये, तत्पश्चात उपस्थित ग्रामीण महिलाओं के साथ पद्मश्री शमशाद बेगम अपने अनुभव साझा करते हुए विचार रखें, साथ ही साथ टिकेश्वरी लाल देशमुख समाजसेवी द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में महिलाओं का योगदान पर एवं महेंद्र सिन्हा सहयोगी रेडियो एफएम द्वारा महिला एवं स्वास्थ्य विषय पर परिचर्चा किये एवं सम्मेलन में उत्कृष्ट कार्यो के लिए महिलाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चन्द्राकर रहे जिन्होंने अपने उद्बोधन में उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहां की महिला से ही समाज का निर्माण होता है और उनसे ही स्वच्छ एवं शिक्षित परिवार के साथ-साथ समाज का सर्वांगीण विकास में विशेष भूमिका रहती है। परिवार का ही नहीं बल्कि समाज एवं देश का गौरव बढाता है।





कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में जनपद पंचायत दुर्ग अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन , दुर्ग जिला पंचायत सदस्य आशा विक्की मिश्रा, सरपंच कविता यादेश ठाकुर, प्रखर प्रवक्ता अतुल ताम्रकार पूर्व जनपद सदस्य एवं सभापति जनपद पंचायत दुर्ग एवं पन्ना लाल यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे एवं मंच संचालन अशोक देवांगन द्वारा किया गया। सभा के अंत में कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन पूर्व सरपंच चंदखुरी खेमलाल चंद्राकर करने किया।

## पचमढ़ी में पांच दिवसीय साहसिक कैंप बालोद के प्रतिभागियों ने दिखाया उत्साह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

पचमढ़ी में पांच दिवसीय छत्तीसगढ़ विशेष राष्ट्रीय साहसिक कार्यक्रम 24 मार्च को संपन्न हुआ। जिसमे बालोद जिला मुख्य आयुक्त राकेश यादव, जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी, राज्य आयुक्त गाइड वयस्क संसाधन सीमा साहू, जिला सचिव केएल गजेन्द्र के निर्देशानुसार, डीओसी द्वय नेमसिंह साहू, प्रेमलता चंद्राकर डीटीसी भुवन सिन्हा, कोषाध्यक्ष सत्यवान पिपरिया के मार्गदर्शन में एवं इस कैम्प के जिला प्रभारी दुष्यंत कोलियारे, सुमन तिवारी, अन्नपुर्णा ध्रुव, हिमा देहारी के नेतृत्व में यह कैंप 20 से 24 मार्च तक चला, जिसमें बालोद जिले के विभिन्न विद्यालयों से कुल 46 प्रतिभागियों और 04 प्रभारी कुल 50 लोगों ने हिस्सा लिया। पांच दिनों के इस कार्यक्रम में एडवेंचर एक्टिविटी के तहत हाइकिंग, ट्रेकिंग, जिप लाइनिंग, स्काई साइकिलिंग, वैली क्रॉसिंग, टायर टनल, राइफल शूटिंग, आर्चरी और हॉर्स राइडिंग, बोटिंग, क्लाइंबिंग आदि जैसे कई रोमांचक साहसिक गतिविधियों के साथ साथ बी फॉल, बायसन लॉज, जटाशंकर गुफा, पांडव गुफा, राजेंद्र पार्क का भ्रमण किया गया। इसके साथ–साथ स्काउटिंग और गाइडिंग पर विशेष सत्र भी आयोजित किए गए। प्रतिदिन रात्रि में कैंप फायर आयोजित किए जाते थे जिसमे में बालोद जिले प्रतिभागियों ने छत्तीसगढ़ी और कर्मा नृत्य सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

■ बालोद जिले के 50 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

बालोद जिले के प्रतिभागियों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर समस्त प्रतिभागी संस्था के प्राचार्य, समस्त विकासखंड सचिव संयुक्त सचिव, पदाधिकारियों स्काउटर गाइडर ने हर्ष व्यक्त किया।

# भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की बैठक में संगठन विस्तार पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला बालोद की प्रथम परिचात्मक एवं संगठन विस्तार बैठक जिला भाजपा कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य नवनियुक्त पदाधिकारियों का परिचय कराना और आगामी संगठनात्मक कार्यों की ठोस रूपरेखा तैयार करना रहा।



बैठक में मुख्य वक्ता भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख व अध्यक्षता कर रहे ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष श्याम जायसवाल थे। उन्होने सभी 17 मंडलों से आए पदाधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि मोर्चा का मुख्य लक्ष्य केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को बूथ स्तर के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना है। श्याम जायसवाल ने जिले में पिछड़ा वर्ग मोर्चा को और अधिक शसक्त बनाने की बात कही।

जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने कहा पिछड़ा वर्ग समाज भाजपा की शक्ति है। हमें हर बूथ पर अपनी सक्रियता बढ़ानी होगी ताकि संगठन और अधिक सशक्त हो सके। जिला महामंत्री सौरभ लूनिया व राकेश यादव ने संगठनात्मक अनुशासन पर जोर देते हुए कहा परिचय के साथ–साथ हमारी जिम्मेदारी भी शुरू होती है। हमें समन्वय के साथ काम करते हुए सरकार की योजनाओं का लाभ घर–घर पहुंचाना है। बैठक के दूसरे चरण में, देश के अमर सपूतों शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के बलिदान दिवस शहीद दिवस के अवसर पर एक विशेष श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यकर्ताओं ने अमर शहीदों के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और दो मिनट का मौन रखकर उनके बलिदान को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि आज हम जिस स्वतंत्र भारत में सांस ले रहे हैं, वह इन्हीं वीरों की शहादत का परिणाम है। कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे शहीदों के बताए देशप्रेम के मार्ग पर चलते हुए राष्ट्र निर्माण और समाज सेवा में अपना सर्वस्व समर्पित करेंगे।

### ये रहे उपस्थित

बैठक में सूचना के अधिकार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक राजेश दसोडे, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र देशमुख, जिला प्रवक्ता जितेंद्र साहू, मीडिया प्रभारी कमल पनपलिया, ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री जनार्दन सिन्हा एवं संतोष कौशिक, जिला उपाध्यक्ष राकेश देवांगन, गोविंद्रनाथ साहू, भुनेश्वर साहसी, ललिता साहू, जिला मीडिया प्रभारी अंकित जायसवाल, जिला मंत्री टिकेंद्र साहू, मुरली साहू, शिव देवांगन, केशव धनकर कोषाध्यक्ष पोषण देवांगन, सहकोषाध्यक्ष रघुवीर साहू, सह मीडिया प्रभारी रामदेव रजक, मन की बात सह प्रभारी राम स्वरूप सिंहा सहित पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, जिला पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य एवं जिले के सभी 17 मंडलों के अध्यक्ष शामिल हुए।

# पंचायत व बूथ कमेटी के गठन से कांग्रेस होगी मजबूतः चंद्रप्रभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी देवरीबंगला की बैठक पेंशनर भवन मारीबंगला में आयोजित की गई। बैठक में प्रभारी संतुराम पटेल एवं चुकेश्वर साहू उपस्थित थे। बैठक में संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी की पूर्व अध्यक्ष चंद्रप्रभा सुधाकर ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कमेटी के निर्देश पर संगठन को वार्ड एवं ग्राम स्तर पर मजबूत करने का कार्य करना है। पंचायत एवं बुथ स्तर पर कमेटी का गठन करने से कांग्रेस पार्टी मजबूत होगी। पंचायत एवं बुथ पर 12 सदस्य की कमेटी बनेगी। राष्ट्रीय महासचिव राहुल गांधी की मंशा के अनुरूप कमेटियों में युवा, महिला एवं सभी जाति वर्ग को शामिल करना है।

■ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक, संगठन सृजन और कमेटी गठन पर हुई चर्चा



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संजीव चौधरी ने बताया कि शीघ्र ही बुथ स्तर पर बैठक लेकर कमेटी का गठन किया जाएगा। बैठक को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त प्रभारी संतुराम पटेल, चुकेश्वर साहू, महामंत्री केशव शर्मा, जिला पंचायत सदस्य गुलशन चंद्राकर, गिरीश चंद्राकर, केजूराम सोनबोईर, जागृत सोनकर, जीवन कश्यप ने भी संबोधित किया। ब्लॉक कांग्रेस की बैठक में जनपद सदस्य टीकम बाई निषाद, दुर्गा ठाकुर, सुमन सोनबोईर, विजय तारम,ऐनकुमार साहू, कमलेश सिंन्हा, नवलदीप गंजीर, ढालसिंह ठाकुर, सौरभ देशमुख सहित सेक्टर, जोन एवं बुथ प्रभारी उपस्थित रहे।

# ग्राम बघमरा में नशामुक्ति को लेकर सख्त फैसला सार्वजनिक स्थानों पर नशा करने पर जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

नगर पंचायत गुण्डरदेही के बघमरा मे शुक्रवार को दुसरी बार ग्राम विकास समिति की बैठक पार्षद हरीश निषाद के नेतृत्व मे रखी गई। जिसमे गुण्डरदेही थाना प्रभारी नवीन बोरकर भी शामिल हुए।

■ ग्राम विकास समिति की बैठक में बड़ा निर्णय, नशापान पर लगेगा 5100 रुपए जुर्माना



बैठक मे थाना प्रभारी को ग्रामीणो ने बताया कि एकमत होकर सभी ने निर्णय लिया की गांव के अंदर सार्वजनिक जगहो पर किसी भी प्रकार का नशापान करते पाए जाने पर 5100 रुपए अर्थदंड लिया जाएगा। वही गांव के नन्हे बालको को नशापान सामान जैसे बीड़ी, सिगरेट गुटका आदि लेने एंव बेचने पाए जाने पर 551 रुपए का अर्थदंड लिया जाएगा। इसी प्रकार नन्हे बालको को मोबाइल फोन चलाने व बाइक चलाने पर प्रतिबंध किया गया है। मोबाइल फोन चलाते व बाइक चलाते देखे पाए जाने पर बालक के माता पिता से अर्थदंड लिया जाएगा। वही ग्राम विकास समिति द्वारा गांव मे महिलाओ को उच्च सम्मान प्रदान कर तत्काल निगरानी समिति की टीम गठित की गई है। महिलाएं आसामाजिक तत्वो को बाहर बैठने व घुमने पर मना करेगी। जिसकी थाना प्रभारी ने सराहना की। थाना प्रभारी ने सभी को कानून के दायरे में रहकर कार्य करने की सलाह दी एवं नियमानुसार सहयोग करने का आश्वाशन दिया। बैठक मे निगरानी समिति के महिलाओं का सम्मान किया गया। वही गांव के वरिष्ठ नागरिक तोरण सिन्हा द्वारा निगरानी समिति के महिलाओं को टॉर्च, सिटी व लाठी प्रदान किया गया।

उक्त बैठक मे ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष डिलेन्द्र निषाद, सखाराम निषाद, बल्लारम निषाद, महिला समिति के अध्यक्ष सरिता निषाद, चंद्ररेखा राजपूत, ईश्वरी देवांगन, मालती निषाद एवं सैकड़ो ग्रामवासी उपस्तिथ थे।

**अच्छी पहल- देवरी परियोजना में आयोजित हुआ बॉडी - बॉडी बाल मैत्री कार्यक्रम**

# 'बाल मैत्री कार्यक्रम' से बच्चों को शिक्षा में सहज समायोजन का अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को सहज एवं अनौपचारिक वातावरण में खेल आधारित गतिविधियों के माध्यम से शाला पूर्व शिक्षा प्राप्त होती है। आंगनबाड़ी से शाला में प्रथम वर्ष में बच्चों को विद्यालय आने, नियम समझना तथा भाषा के प्रयोग में कठिनाई होती है।

जिसकी खेल, शिक्षा के प्रति अरुचि उत्पन्न होने की संभावना होती है। आंगनबाड़ी केंद्र से कक्षा एक में प्रवेश के समय शाला के औपचारिक वातावरण में समायोजन में आसानी हो, इसके लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग के सहयोग से संयुक्त बॉडी बॉडी बाल मैत्री कार्यक्रम प्रारंभ किया जा रहा है। परियोजना अधिकारी अर्पणा श्रीवास्तव ने बताया कि बाल मैत्री कार्यक्रम आंगनबाड़ी व प्राथमिक विद्यालय की पहल है। जिसका उद्देश्य छोटे बच्चों को शाला के वातावरण को सहज बनाना है। कार्यक्रम अंतर्गत की जाने वाली प्रमुख गतिविधियों में आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों का परिचय, भ्रमण के दौरान कक्षा एक के शिक्षक व बच्चों से परिचय कराना है। उन्होंने बताया कि मैदानी स्तर पर उक्त कार्यक्रम संयुक्त रूप से प्रभावी तौर पर क्रियान्वित हो सके इसके लिए आंगनबाड़ी केंद्र व प्राथमिक विद्यालय स्तर पर नियमित रूप से जिला, विकासखंड, सेक्टर व संकुल स्तर पर बैठक व संयुक्त प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है।





संयुक्त प्रयास करते हुए परियोजना देवरी के प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र में 4 से 6 वर्ष के सभी बच्चों को स्थानीय प्राथमिक शाला का भ्रमण करा कर शाला के बच्चों, शिक्षकों एवं खेल परिवेश का परिचय कराया गया। शाला एवं आंगनबाड़ी के बच्चों को संयुक्त खेल, रचनात्मक गतिविधि, गीत व कविता शिक्षकों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा कराया गया। इस अवसर पर सेक्टर पर्यवेक्षक साधना श्रीवास्तव, उषा साहू, सुशीला ठाकुर, शकुंतला देवांगन, नीता सोनवानी, सुमनबाला देवांगन, कस्तूरबा ओरेद्र उपस्थिति रही।

## विद्यार्थियों और स्टाफ ने किया सक्रिय सहयोग

# विश्व जल दिवस पर टटेंगा स्कूल में स्वच्छता अभियान, जल संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

विश्व जल दिवस के अवसर पर मीठे एवं पेयजल के संरक्षण तथा जल संकट के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में स्वामी विवेकानंद यूथ एंड इको क्लब के विद्यार्थियों एवं समस्त स्टाफ द्वारा प्राकृतिक जल स्त्रोतों और ग्राम के तालाब के आसपास विशेष सफाई अभियान चलाया गया।



कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय के प्राचार्य आर.के. देवांगन ने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि "जल है, तो कल है" उन्होंने बताया कि वर्ष में कई ऐसे महीने आते हैं जब लोगों को पानी की एक-एक बूंद के लिए तरसना पड़ता है, इसलिए हमें अभी से जल संरक्षण के प्रति सजग होना होगा। प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक लिखन राम सार्वा ने कहा कि "जल ही जीवन है" और इसके बिना जीवन की कल्पना असंभव है। उन्होंने लोगों से जल के अपव्यय को रोकने और उसके संरक्षण व स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की अपील की।

व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में पेयजल की उपलब्धता और जल प्रबंधन अत्यंत आवश्यक हो गया है। उन्होंने जल स्त्रोतों को प्रदूषण से बचाने पर जोर देते हुए कहा कि अज्ञानतावश लोग जल को दूषित करते हैं, जिसे रोकना हम सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए यूथ एंड इको क्लब प्रभारी व्याख्याता अजय पाठक ने बताया कि पूरे विश्व में 22 मार्च को विश्व जल दिवस मनाया जाता है तथा इस वर्ष का थीम "जल एवं लैंगिक समानता" रखा गया है। उन्होंने जल संरक्षण के व्यावहारिक उपाय बताते हुए नालों को खुला न छोड़ने, अनावश्यक पानी के उपयोग से बचने तथा वर्षा जल संचयन अपनाने की सलाह दी। इस अवसर पर संकुल समन्वयक लीलेंद्र देवांगन सहित रवि देवांगन, खोमिन साहू, लिकेश्वरी भंडारी, चंद्रभान देवांगन, गायत्री देवांगन ने सफाई अभियान में सक्रिय सहयोग प्रदान किया और लोगों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूक किया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक, टी.एल. देवांगन, हर्षा देवांगन, डी.के. मोहनलाल, वेद प्रकाश साहू, महेश रावटे, बिंदु पटेल सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

### अफीम तस्करी मामले में फरार सप्लायर समेत दो गिरफ्तार

**भिलाई।** अफीम तस्करी मामले में फरार सप्लायर समेत दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि कुम्हारी थाना क्षेत्र के खारुन ग्रीन कॉलोनी से आरोपी गुरमेल सिंह के पास से 403 ग्राम अफीम और नगद 14.46 लाख रुपए जब्त किया गया था। जांच में आरोपी से पूछताछ कर बैंक खाते के लेन-देन, मोबाइल कॉल डिटेल रिकॉर्ड के विश्लेषण के आधार पर अफीम सप्लाई नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों की शिनाख्त हो पाई। पुलिस ने लांजी, थाना गुमला, झारखंड निवासी शिवप्रसाद कुमार साहू, टाटीबंद हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, भारतमाता स्कूल के पास रायपुर रेशम सिंह उर्फ पप्पू पाजी को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से अवैध मादक पदार्थ अफीम, मोबाइल फोन जब्त किया। आरोपियों से 11 ग्राम अफीम व दो मोबाइल 25 हजार का जब्त किया गया।

पेज 11 का शेष

### भूमिहीन कृषि मजदूरों ...

उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना उन ग्रामीण परिवारों के लिए एक वरदान है, जिनकी आय का मुख्य स्रोत मजदूरी है। सरकार का प्राथमिक लक्ष्य इन परिवारों को सालाना एक निश्चित आर्थिक सहायता प्रदान करना है, ताकि वे अपनी बुनियादी जरूरतों, जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य और दैनिक आवश्यकताओं को बिना किसी कर्ज के पूरा कर सकें। इन्हें पूर्व में दी जाने वाली 7,000 रुपये की राशि को बढ़ाकर अब 10,000 रुपये प्रति वर्ष कर दिया गया है, जो सीधे लाभार्थियों के खातों में पहुंचती है।

### रामनगर में नव-कलामंच का आज ...

सदस्य राजाराम तारम शामिल होंगे। इसके अतिरिक्त पार्षद किशोर दीवान वार्ड 15 एवं श्री राजेंद्र निषाद वार्ड 14 भी अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। नगरवासियों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनावें।

## खबर संक्षेप



### समाजसेवी संस्था टीआई ने सामुदायिक कार्यक्रम

**बालोद।** समाजसेवी संस्था टीआई बालोद द्वारा सामुदायिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला नोडल अधिकारी एड्स जीआर.रावटे थे। अध्यक्षता खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जितेंद्र सिंह, टीबी विभाग सत्येंद्र साहू ने किया। विशिष्ट अतिथि उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद बालोद कमलेश सोनी, विशेष अतिथि गिरिजेश गुप्ता, समाज कल्याण विभाग बालोद तरन्नुम खान, सायरा परवीन, पिनेश साहू, महेश पाठक, सोनबोईर, मिथलेश साहू की उपस्थिति में संपन्न हुई। उपस्थित अतिथियों के द्वारा एचआईवी, एड्स के विषय में चर्चा किया गया एवं पियर ऐजुकेटर के द्वारा रंगोली पोस्टर एवं डांस कार्यक्रम दिया गया। कार्यक्रम समाजसेवी संस्था टीआई बालोद से प्रोजेक्ट मैनेजर शाइना मोहम्मद, एमई ऑफिसर दामिनी हठीले, काउंसलर कोमल यादव, आउट रीच वर्कर रविन्द्र सोनकर, ढालेंद्र साहू, ईश्वरी मरकाम, सावित्री साहू, संस्था के समस्त पीयर एजुकेटर, समुदाय से जुड़े हुए सदस्य एवं नर्सिंग स्टॉफ की उपस्थिति में संपन्न हुआ। प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

### नर्सिंग कॉलेजों के छात्रों ने दी एचआईवी-एड्स जागरूकता की सीख



**बालोद।** एड्स के प्रति जागरूकता लाने भारत नर्सिंग कॉलेज एवं मारुति नर्सिंग कॉलेज विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया। समाजसेवी के संस्था बालोद द्वारा आयोजित कार्यक्रम लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना के अंतर्गत सामुदायिक सदस्यों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से सामुदायिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भारत एवं मारुति नर्सिंग कॉलेज के छात्रें ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम में रंगोली पोस्टर एवं डांस प्रतियोगिता रखा गया था, जिसमें दोनों नर्सिंग कॉलेज के छात्रें ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम के दौरान लोगों को एचआईवी एड्स के प्रति जानकारी, रोकथाम एवं बचाव के बारे में बताया गया, यह समस्त कार्यक्रम समाज सेवी संस्था टी बालोद एवं भारत नर्सिंग एवं मारुति नर्सिंग कॉलेज के शिक्षक, शिक्षिका एवं समस्त छात्र–छात्रओं की उपस्थिति में हुआ।

### कार डिवाइडर से टकराई ट्रांसपोर्टर की मौत

**भिलाई।** सड़क हादसे में ट्रांसपोर्टर की मौके पर मौत होने का मामला सामने आया है। घटना अंजोरा और टेडेसरा क्षेत्र की है। अंजोरा चौकी प्रभारी चंद्रशेखर सोनी ने बताया कि रविवार को अंजोरा क्षेत्र के महमरा मोड़ के पास तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। कार में सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। युवक का शिनाख्त बलदेव बाग, राजनांदगांव निवासी हर्षदीप सिंह के रुप में हुई है। युवक रायपुर से राजनांदगांव की ओर आ रहा था।

न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला-बालोद (छ.ग.)
फार्म-अ
सार्वजनिक सूचना
(नियम-6 देखिये)

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक अर्जुन गिरी कुमार आ. श्री ओंकार, जाति गोस्वामी उम्र 24 वर्ष, निवासी रानीतराई, तह. व जिला बालोद (छ.ग.) एवं आवेदिका रितिका आ. श्री रामचन्द्र, जाति मरार, उम्र 23 वर्ष, निवासी जुंगेरा, पो. तरौद, थाना व तह. व जिला बालोद (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम, 1954 धारा 05 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 15/04/2026 के पूर्व अधोहस्ताक्षरी के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा वह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 12/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।
आगामी तिथि 15/04/2026

मुहर
अपर कलेक्टर
एवं विशेष विवाह अधिकारी
जिला-बालोद (छ.ग.)

## आयोजन : बड़ी संख्या में महिलाओं ने कलश शोभायात्रा निकाली

# परिक्षेत्र स्तरीय कर्मा जयंती महोत्सव, कलश यात्रा और सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



सोरर परिक्षेत्र के अंतर्गत बगदई मे परिक्षेत्र स्तरीय कर्मा जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। समारोह में ग्रामीण महिलाओं के अलावा सोरर, सोंहपुर, अर्जुनी, चिरचारी के महिलाओं ने कलश शोभायात्र मे शामिल हुए। बाजे गाजे के साथ ग्राम के महिलाओं ने जगह जगह आरती लेकर पूजा अर्चना की। माता कर्मा के आरती, ध्वजारोहण किया गया।

परिक्षेत्र साहू समाज सोरर के द्वारा कक्षा 12वीं के डिगेश कुमार साहू, योगिता साहू एवं कक्षा 10 वी के प्रणवकांत साहू, चंचल साहू प्रतिभावान का प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कलश प्रतियोगिता में अर्जुनी के हीरा बाई साहू, तोरण बाई साहू, भुनेश्वरी साहू, 8 गांवों के बुजुर्ग एवं माताओ का सम्मान किया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक प्रीतम साहू ने कहा कि साहू समाज आदिकाल से चले आ रहे है। समाज में काम करना कोई सधारण काम नही है। समाज में रोटी और बेटी के निर्णय होते है। साहू समाज एक बृहद समाज है। अध्यक्षता कर रहे तहसील साहू संघ अध्यक्ष मिथलेश साहू ने कहा कि प्रदेश साहू संघ एवं जिला संघ से निर्देश है कि प्रीवेडिंग के साथ सगाई होना चाहिए। वीडियो शूटिंग को पूर्ण प्रतिबंधित कर रहे है। मृत्यु भोज मे कलेवा पूरे तहसील में प्रतिबंधित कर रहे है। अंतरजातीय विवाह एवं धर्मांतरण समाज के लिए नासूर बन गया है। समाज के लोग बेटी बेटा को अच्छी शिक्षा देकर समाज को सुधारने में सहयोग करे।

जिला पंचायत सभापति लक्ष्मी अशोक साहू ने कहा कि साहू समाज माता कर्मा कै वंशज है और कुल देवी है। छूआछूत की भावना मिटाकर सामाजिक समरसता का सम्मान दिया। परिक्षेत्र साहू समाज के मांग पर 10 लाख रुपये भवन के लिए घोषणा की एवं बगदई मे ग्रामीण साहू समाज के भवन निर्माण के लिए आश्वासन दिया। जिला पंचायत सभापति चद्रिका गंजीर ने कहा कि समाज हित मे कार्य कर रहे है। उन्होने परिक्षेत्र सोरर मे बोर खनन कराने की घोषणा की। जनपद अध्यक्ष सुनीता साहू ने कहा कि माता कर्मा ने छूआछूत की भावना को दूर किया, उनकी प्रेम और भक्ति से भगवान कृष्ण 56 प्रकार के भोग को छोड़कर माता कर्मा के खिचड़ी खाने आए थे। उन्होंने समाज के युवक युवतियों से शिक्षा संस्कार के क्षेत्र में अग्रसर होने की अपील की ताकि साहू समाज हर क्षेत्र में अग्रसर हो।

### ये रहे उपस्थित

तहसील उपाध्यक्ष दुष्यंत साहू, महिला उपाध्यक्ष ललिता साहू, रामदयाल साहू, डामेश्वरी साहू, जनपद सभापति लता लक्ष्मीचंद साहू, संरक्षक पारख साहू, संगठन सचिव लक्ष्मीचंद साहू ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर कोलिहामार परिक्षेत्र अध्यक्ष दुलार साहू, भरदा परिक्षेत्र अध्यक्ष हेमूराम साहू, संरक्षक पारख गुरुपंच, तहसील सचिव खेदूराम साहू, ग्रामीण अध्यक्ष गौकरण कलिहारी सरपंच सुनिता सेवेन्द्र, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष पेमन किसाने, भगोली राम साहू, रोमन सिह चनापे, ईश्वर सूर्यवंशी थे। आभार परिक्षेत्र अध्यक्ष पीलूराम साहू एवं संचालन परिक्षेत्र सचिव गुलशन गंगबेर, योगेश साहू, अश्वनी साहू ने किया। कार्यक्रम में छेडिया के माता सेवा मंडली का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में मोतिम साहू, अनूपा साहू, टुकेश्वरी साहू, चम्पा साहू, राधिका साहू सहित, छेडिया, बगदई, चिरचारी, नारागांव, सोरर, अर्जुनी, सोंहपुर के ग्रामीण अध्यक्ष सहित समाज के लोग अधिक संख्या में उपस्थित थे।



## महोत्सव में प्रतिभाओं का सम्मान भक्ति और संस्कृति का संगम



**गुरूर।** परिक्षेत्र साहू संघ मिर्रीटोला पुरूर द्वारा परिक्षेत्र स्तरीय मां कर्मा महोत्सव का आयोजन ग्रामीण साहू सदन चिटौद में किया गया। समारोह में वरिष्ठो एवं प्रतिभा सम्मान किया गया। विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन किया गया था।

जिसके उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक संजारी बालोद प्रीतम साहू थे। अध्यक्षता अध्यक्ष जिला साहू संघ बालोद महेन्द्र साहू ने किया। विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष तहसील साहू संघ गुरूर मिथलेश साहू, कार्यकारी अध्यक्ष जिला साहू संघ बालोद किशोरी साहू, कोशाध्यक्ष जिला साहू संघ बालोद खेदूराम साहू, उपाध्यक्ष जिला साहू संघ बालोद जानकी सोनबेर, अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर सुनीता संजय साहू, सभापति जिला पंचायत बालोद लक्ष्मी अशोक साहू, उपाध्यक्ष तहसील साहू संघ गुरूर दुष्यंत कुमार साहू, कोशाध्यक्ष तहसील साहू संघ गुरूर कुबेर सिंह साहू, संगठन सचिव तहसील साहू संघ गुरूर लक्ष्मीचंद साहू, संरक्षक परिक्षेत्र साहू संघ लाटाबोड़ डोमार सिंह कुंवर विशेष अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत चिटौद तिरथ यादव, पूर्व संयोजक न्याय प्रकोष्ठ तहसील साहू संघ गुरूर बाबूलाल साहू, सदस्य जनपद पंचायत गुरूर प्रमिला रामस्वरूप साहू, सभापति जनपद पंचायत गुरूर हेमंत गुरूपंच, पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर सुरेन्द्र तिवारी, जिला अध्यक्ष हरदिहा साहू समाज बालोद रघुवीर साहू, जिला अध्यक्ष यादव समाज बालोद रामकुमार यादव मंचासीन थे।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर सुनीता संजय साहू थी। अध्यक्षता उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर दुर्गानंद साहू ने किया। विशेष अतिथि सभापति जिला पंचायत बालोद लक्ष्मी अशोक साहू, निर्माण सभापति जनपद पंचायत गुरूर संध्या अजेन्द्र साहू, सरपंच ग्राम पंचायत मोहारा ते"वरी चन्द्रहास नेताम, उपसरपंच ग्राम पंचायत मोहारा दिने"वरी धनकर, सभापति ग्राम पंचायत मोहारा देवधर धनकर मंचासीन थे।

वक्ताओ ने समारोह में भक्त माता कर्मा के त्याग, तपस्या, भक्ति का बखान करते हुए कहा मां कर्मा ने बताया कि यदि समर्पण एवं नि"चल भाव से भक्ति की जाए तो भगवान को भी भक्त के पास आना पड़ता है।

## भक्त माता कर्मा जयंती पर अरमरीकला में भव्य आयोजन





**गुरूर।** ग्राम अरमरीकला में परीक्षेत्रीय साहू समाज कोसागोंदी एवं ग्रामीण साहू समाज अरमरीकला के तत्वाधान में भक्त माता कर्मा जयंती समारोह एवं भूमिपूजन का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला साहू संघ बालोद महेंद्र कुमार साहू थे। अध्यक्षता अध्यक्ष तहसील साहू गुरुर मिथलेश साहू ने किया। अति विशेष अतिथि पूर्व विधायक संजारी बालोद कुमारी मदन साहू, सभापति जिला पंचायत बालोद लक्ष्मी अशोक साहू थे। विशिष्ट अतिथि कोषाध्यक्ष जिला साहू संघ बालोद खेदुराम साहू, महामंत्री जिला साहू संघ बालोद तुकाराम साहू, उपाध्यक्ष तहसील गुरुर दुष्यंत कुमार साहू, उपाध्यक्ष महिला तहसील साहू संघ गुरूर ललिता पीमन साहू, संगठन सचिव महिला गुरुर डामेश्वरी साहू, संगठन सचिव गुरुर लक्ष्मी चंद साहू, सभापति जनपद पंचायत गुरुर डॉ हरिकृष्ण गंजीर, सभापति जनपद पंचायत गुरुर नरेश कुमार साहू, जनपद सदस्य गुरुर आशीष कुमार साहू, सचिव युवा प्रकोष्ठ जिला साहू संघ बालोद अशोक साहू, सरपंच ग्राम पंचायत अरमरीकला धनेंद्र कुमार साहू, उप सरपंच सोहनलाल साहू, योगेश्वरी, राम जी साहू, दयाराम साहू, राम शिव साहू, भुवनलाल तेली, पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत अरमरीकला गरीबा लाल गंगबेर, अध्यक्ष सेवा सरकारी समिति अरमरीकला पुरुषोत्तम गंगबेर एवं पंचगण मंचासीन थे।

■ भूमिपूजन के साथ प्रतिभाओं का सम्मान

माताओ द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई। मुख्यअतिथि महेन्द्र कुमार साहू ने कहा मां कर्मा बचपन से ही भगवान श्री कृष्ण की अन्य भक्त थी, उन्हें खिचड़ी का प्रसाद अर्पित करती थी, जो आज भी आस्था का प्रतीक माना जाता है, मां कर्मा के विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। उन्होंने युवाओं से शिक्षा को जीवन का आधार बनाने का अपील करते हुए कहा कि शिक्षा के बिना समाज के समुचित विकास संभव नहीं है, हमारे साहू समाज की कुलदेवी शिरोमणि भक्तमा कर्म जिनकी गाथा अनंत है उनकी भक्ति में इतनी शक्ति थी कि भगवान को भी स्वयं खिचड़ी खाने आना पड़ा था, सभी को एकजुट रहने के लिए कहा गया संगठन में ही शक्ति है हम संगठन को मजबूत बनाएंगे तो हमारे समाज आगे बढ़ेगा।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर प्रतिभावान बच्चों का सम्मान किया गया। जिसमें क्लास में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया है उसको सम्मान किया गया, वृद्ध जनों और समाज प्रमुखों को सम्मान किया गया। इस अवसर पर संरक्षक हरिचंद साहू, धनराज गंजीर, दयालू राम साहू, अध्यक्ष ईश्वर गंजीर, उपाध्यक्ष नकुल राम साहू, महिला उपाध्यक्ष कुमुदिनी साहू, महिला संगठन सचिव अश्वनी साहू, पुरुष संगठन सचिव डोमन साहू, सचिव जयंत कुमार साहू, कोषाध्यक्ष कमलेश्वर साहू, सह सचिव छत्रपाल साहू एवं परिक्षेत्र के समस्त पदाधिकारी गण ग्रामीण अध्यक्ष तुंगन साहू, राजकुमार साहू, हिरेन्द साहू, भूपेंद्र कुमार साहू, प्रीतम गंगबेर, धिरपाल कलिहारी, मनहरण साहू एवं ग्रामीण के समस्त पदाधिकारी गण सभी ग्रामों के पदाधिकारीगण वरिष्ठ जन और ग्राम अरमरीकला के वरिष्ठ जन ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस अवसर पर संध्या अंजोर जस परिवार पेण्डी की प्रस्तुति किया गया। कार्यक्रम का संचालन निखिल साहू, सचिव यंत कुमार साहू ने किया।

# ओरमा में सरपंच पति पर शराब की बोतल से हमला, रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद






ग्राम पंचायत ओरमा में पंचायत के कार्य स्थल पर उपस्थित सरपंच पति परस साहू पर दो नाबालिग युवको ने देशी शराब की बोतल से हमला कर दिया। दोनों युवक उस स्थल पर कार्य कराने का विरोध कर रहे थे। घटना के बाद ग्रामीणों में नाराजगी का माहौल देखा जा रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत ओरमा के आश्रित ग्राम मेढ़की मे स्थित तालाब पार में पंचायत प्रस्ताव के तहत फेंसिंग तार लगाने से पहले साफ–सफाई का कार्य मजदूरों से कराया जा रहा था। इसी दौरान गांव के दो नाबालिग युवक, जो कथित तौर पर शराब के नशे में थे, सफाई कार्य का विरोध करते हुए भड़क गए और गाली–गलौज करने लगे। विवाद के दौरान आरोपियों ने तालाब पार स्थित मुक्तिधाम के पास रखी शराब की बोतल से परस साहू के सिर के पीछे वार कर दिया, जिससे उन्हें चोट आई। घटना के समय मजदूर होरीलाल साहू, नोहर साहू, जगदीश साहू, खेमूराम पटेल, नंदकुमार साहू, तेजराम साहू, वेदराम साहू, ईश्वर साहू, देवीलाल साहू सहित अन्य लोग मौके पर मौजूद थे इन्होने बीच बचाव किया।

हमले के बाद ग्रामीणों की मदद से घायल परस साहू को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। प्रार्थी परस साहू ने दोनों नाबालिग युवकों के खिलाफ थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 115(2) एवं 3,5 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है। सरपंच मंजूलता साहू ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि सरकारी कार्य को बाधित करते हुए उनके पति पर जानलेवा हमला किया गया है। उन्होंने गांव में नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाही और कड़े कानून लागू करने की बात भी उठाई है।

## सामाजिक एकजुटता, संस्कृति और परंपराओं को आगे बढ़ाने का सशक्त माध्यमः सरपंच दुर्गा

**अंडा।** ग्राम आमटी नदी घाट पर झारिया गराड़िया (धनकर) समाज का वार्षिक अधिवेशन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारी, वरिष्ठजन, माताएं-बहनें एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि सरपंच दुर्गा पुरूषोत्तम चौधरी, उपसरपंच, व धनकर समाज के अध्यक्ष व पदाधिकारी सभी लोग उपस्थित थे। सरपंच ने अपने संबोधन में समाज की एकता, शिक्षा और जागरूकता पर विशेष बल दिया। अपने उद्बोधन में अतिथि ने कहा कि ऐसे सामाजिक आयोजन समाज को एकजुट रखने के साथ-साथ अपनी संस्कृति और परंपराओं को आगे बढ़ाने का सशक्त माध्यम होते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज की प्रगति उसके लोगों की एकता, शिक्षा और जागरूकता पर निर्भर करती है। उन्होंने विशेष रूप से शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य पर ध्यान देने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि यदि समाज के बच्चे और बेटियां शिक्षित और संस्कारित होंगे, तो समाज निश्चित रूप से नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। युवाओं को संबोधित करते हुए। उन्होंने आह्वान किया कि वे शिक्षा, अच्छे संस्कार और समाज सेवा को अपने जीवन का लक्ष्य बनाएं तथा समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम के अंत में अतिथि ने अधिवेशन की सफलता के लिए शुभकामनाएं देते हुए समाज के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आयोजन को सफल बनाने में समाज के पदाधिकारियों और सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

■ धनकर समाज का वार्षिक अधिवेशन में एकता व शिक्षा पर दिया जोर

# दल्लीराजहरा में टीबी जागरूकता अभियान नुक्कड़ नाटक से लोगों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



दल्लीराजहरा में टीबी (क्षय रोग) के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शहीद अस्पताल द्वारा चलाया जा रहा साप्ताहिक जनजागरण अभियान प्रभावी रूप से आगे बढ़ रहा है। विश्व क्षय दिवस के अवसर पर शुरू किए गए इस अभियान का मकसद समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करना और लोगों को समय पर जांच व इलाज के लिए प्रेरित करना है। अभियान के तहत 22 मार्च 2026 को ग्राम नलकसा में एक व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को टीबी के लक्षण, बचाव और उपचार की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित स्वास्थ्य टीम ने लोगों के मन में उठ रहे सवालों का सरल भाषा में जवाब देते हुए यह स्पष्ट किया कि टीबी न तो कोई अभिशाप है और न ही इसका इलाज कठिन या महंगा है।

■ विश्व क्षय दिवस पर शुरू जनजागरण अभियान, "टीबी न अभिशाप, न इलाज मुश्किल" का संदेश

नुक्कड़ नाटक, जिसे डॉ. वेद के निर्देशन में तैयार किया गया, अस्पताल की प्रशिक्षण प्राप्त सिस्टर्स द्वारा प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। इस प्रस्तुति ने दर्शकों को न केवल जागरूक किया, बल्कि टीबी से जुड़ी सामाजिक झिझक और डर को भी काफी हद तक कम किया। कार्यक्रम में डॉक्टर प्रिया, डॉक्टर अमृता सहित स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही।

स्वास्थ्य टीम ने यह संदेश भी दिया कि सरकार द्वारा टीबी के इलाज के लिए निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई जाती हैं और नियमित रूप से दवा लेने पर मरीज सामान्य जीवन जीते हुए पूरी तरह स्वस्थ हो सकता है। साथ ही यह भी बताया गया कि मजबूत संकल्प, सकारात्मक सोच और परिवार का सहयोग किसी भी मरीज को टीबी मुक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए 25 मार्च 2026 को दल्लीराजहरा नगर के प्रमुख चौक-चौराहों पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शाम 5 बजे शहीद वीर नारायण सिंह चौक से शुरुआत होगी, इस दौरान बाइक रैली के साथ नुक्कड़ नाटक और संवाद के जरिए लोगों को टीबी के प्रति जागरूक किया जाएगा।

शहीद अस्पताल की इस पहल को क्षेत्र में जनस्वास्थ्य के प्रति एक मजबूत और सकारात्मक कदम माना जा रहा है। यह अभियान न केवल बीमारी के प्रति जागरूकता बढ़ा रहा है, बल्कि समाज में स्वास्थ्य के प्रति जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का संदेश भी दे रहा है। नगरवासियों से अपील की गई है कि वे अपने नजदीकी स्थल पर पहुंचकर इस जनजागरण अभियान का हिस्सा बनें और टीबी मुक्त समाज के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

# श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस वाणी की महत्ता पर दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर



ग्राम मोहलई में आयोजित श्रीमद्भागवत के पंचम दिवस कथाकार पं. अमित सरस भारती झा ने कथा के माध्यम से वाणी की महत्ता को बताया, उन्होने कहा किसी को ऐसा शब्द नहीं बोलना चाहिए जिससे उस व्यक्ति के हृदय पर आघात पहुंचे, क्योंकि एक प्रेम का शब्द आत्मीय रिश्ता बनाता है और एक कटु शब्द अच्छा संबंध भी खराब कर देता है, उदाहरण देते हुए कहा कि एक बार एक किसान ने अपने पडोसी को भला बुरा कह दिया, पर जब बाद में उसे अपनी गलती का एहसास हुआ तो वह एक संत के पास गया, उसने संत से अपने शब्द वापस लेने का उपाय पूछा। संत ने किसान से कहा तुम खूब सारे पंख इकठ्ठा कर लो और उन्हें शहर के बीचो–बीच जाकर रख दो, किसान ने ऐसा ही किया और फिर संत के पास पहुंच गया। तब संत ने कहा अब जाओ और उन पंखों को इकठ्ठा कर के वापस ले आओ। किसान वापस गया पर तब तक सारे पंख हवा से इधर–उधर उड़ चुके थे और किसान खाली हाथ संत के पास पहुंचा। तब संत ने उससे कहा कि ठीक ऐसा ही तुम्हारे द्वारा कहे गए शब्दों के साथ होता है, तुम आसानी से इन्हें अपने मुख से निकाल तो सकते हो पर चाह कर भी वापस नहीं ले सकते। भागवत कथा का आयोजन ग्रामवासियों के सहयोग से किया जा रहा है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL

Piles Care Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center

लेजर मशीन / क्षार सूत्र
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

9 सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
9 सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### बालोद में देर रात घर में भीषण आग, लाखों का सामान जलकर खाक

**बालोद।** शहर के एक घर में देर रात 3 बजे अचानक आग लग गई, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया और पूरा मकान अपनी चपेट में ले लिया। जिसे फायर बिग्रेड द्वारा बुझाकर और अधिक नुकसानी से बचाया गया। मिली जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 9 कुर्मीपारा बालोद में देर रात 3 बजे एक व्यापारी के घर आग लग गई, जिसकी जानकारी जैसे ही घर में मौजूद व्यक्ति को हुई तो वे घर से बाहर आए तथा इसकी जानकारी पुलिस को दी, जहां पड़ोसीयो की मदद से पानी के माध्यम से आग पर काबू पाने की कोशिश की गई, लेकिन आग ज्यादा तेज होने के कारण फायर बिग्रेड आने के बाद ही आग पर काबू पाया जा सका। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है, आग इतनी तेजी से फैली कि घर में रखा अधिकांश सामान जल गया। इस भीषण आगजनी में घर में रखी दो मोटरसाइकिल, दो गैस सिलेंडर, टीवी, फ्रिज सहित अन्य कीमती सामान पूरी तरह जलकर खाक हो गए। मिली जानकारी के अनुसार घटना के समय मकान के भीतर एक व्यक्ति मौजूद था, जो किराए पर रहता है, जिसने रात ढाई बजे बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। वही आग कैसे लगी यह जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

### देवरी में 6-7 अप्रैल को सदगुरू कबीर सत्संग समारोह

**बालोद/निकुम।** कबीर सत्संग समिति व समस्त ग्रामवासी द्वारा



देवरी द बड़े पारा में 6 व 7 अप्रैल को भव्य सदगुरू कबीर सत्संग समारोह का आयोजन किया गया हैं। सत्संग स्कूल चौक में होगी। जिसमें आमीन माता स्वरूपा सुलक्षणा माता साहिबा दामाखेड़ा के द्वारा सत्संग प्रवचन किया जाएगा, जिसमें देवरी द सहित अंचल के ग्रामीण बड़ी संख्या में सम्मिलित होंगे, जिसकी तैयारी जोर–जोर से चल रही है।

### गौ सेवा रक्षकों ने चलाया गौ सम्मान अभियान

**बालोद/कलंगपुर।** सोमवार को गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम कजराबांधा, चाराचार, बरबसपुर, बोरगहन, रजोली सहित विभिन्न ग्रामों में गौ सेवा रक्षकों के द्वारा गौ माता की सुरक्षा के लिए गांव गांव जाकर गौ सम्मान आहवान अभियान चलाया जा रहा है।

### भगवा ध्वज पूजन कर मनाया हिंदू नव वर्ष

**दुर्ग।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कसारीडीह में विद्यालय के शिखर पर भगवा ध्वज पूजन कर विक्रम संवत 2083 का स्वागत किया गया। उक्त अवसर पर सर्वप्रथम मां भारती के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलन किया गया तत्पश्चात भगवा ध्वज का उपस्थित पूजन कर विद्यालय के शिखर पर ध्वज लगाया गया। एक दूसरे को हिंदू नव वर्ष की बधाई देते हुए मिष्ठान खिलाया गया।

## आयोजन : भक्ति और कला के संगम ने हजारों श्रद्धालुओं को किया मंत्रमुग्ध

# बड़गांव में जस झांकी में भक्ति और संस्कृति का अनूठा संगम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा

चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर समीपस्थ ग्राम बड़गांव स्थित श्री सिद्धपीठ दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर प्रांगण में आयोजित धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत 23 मार्च को ग्राम पटपर (डोंगरगढ़) की प्रसिद्ध जस झांकी की भव्य प्रस्तुति ने पूरे क्षेत्र को भक्ति और उल्लास से सराबोर कर दिया। पटपर की इस आकर्षक झांकी को देखने के लिए आसपास के गांवों से हजारों श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। पारंपरिक छत्तीसगढ़ी संस्कृति, जीवंत अभिनय और आधुनिक तकनीक के अनूठे समन्वय ने दर्शकों को देर रात तक बांधे रखा।

0 झांकी के प्रमुख आकर्षण

झांकी में पौराणिक कथाओं का अत्यंत सजीव चित्रण किया गया। कलाकारों ने अपने प्रभावशाली अभिनय से देवी-देवताओं के स्वरूपों को जीवंत कर दिया, जिससे श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। विशेष रूप से काली माता के स्वरूप ने सभी का मन मोह लिया। इसके साथ ही महाभारत के द्रौपदी चीरहरण प्रसंग की प्रस्तुति ने दर्शकों को भावुक कर दिया। भक्ति गीतों और नृत्य ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। इस आयोजन ने पारंपरिक छत्तीसगढ़ी जस गीत, वेशभूषा और लोकनृत्य के माध्यम से क्षेत्रीय संस्कृति को सशक्त रूप से प्रस्तुत किया, जिससे स्थानीय पहचान को नई मजबूती मिली। सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन पर समिति के पदाधिकारियों सहित सरपंच सुरेश बढ़ई, जनपद सदस्य डोमेंद्र राजपूत तथा समस्त सहयोगियों बेदलाल पटेल, आशीष दुबे, बिसुन मराठे, इगनाथ पटेल, रेखलाल भोसले, अशोक टंडन, योगेंद्र तिवारी, अशोक पटेल, संत सहारे, मुकेश देशमुख, लोमन सेन, गिरधर यदु, रतन भोंसले एवं समस्त ग्रामवासियों ने श्रद्धालुओं और जनसामान्य के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।





### श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह

सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखी गईं। मंदिर समिति के अनुसार इस वर्ष नवरात्रि को और भव्य बनाने के लिए विशेष तैयारियों के साथ प्रसिद्ध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। श्रद्धालुओं ने इस आयोजन को क्षेत्र की सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बताया। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस प्रशासन एवं समिति के स्वयंसेवकों द्वारा पुख्ता व्यवस्था की गई थी। श्रद्धालुओं के लिए खिचड़ी प्रसाद, पेयजल, प्राथमिक चिकित्सा और पार्किंग की भी समुचित व्यवस्था की गई। समिति के कोषाध्यक्ष नेमसिंह साहू ने कहा कि पटपर झांकी केवल एक प्रस्तुति नहीं, बल्कि हमारी परंपरा और आस्था का प्रतीक है। इसकी सफलता समिति सदस्यों, ग्रामवासियों और श्रद्धालुओं के सहयोग का परिणाम है।श्री दाई के दुलरवा नवरत्न जस झांकी परिवार, पटपर की प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केंद्र रही। माता रानी के जस गीतों पर आधारित प्रस्तुति को दर्शकों ने खूब सराहा। कलाकारों ने बताया कि वे मंच पर पूरी तरह भक्ति में लीन होकर प्रदर्शन करते हैं, जिसका असर दर्शकों पर स्पष्ट दिखाई देता है। बड़गांव में प्रस्तुत झांकियों के वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म यूट्यूब, फेसबुक और इंस्टाग्राम पर तेजी से वायरल हो रहे हैं और लाखों बार देखे जा चुके हैं।

## चिखली स्कूल के रेडक्रास छात्रों ने झलमला में संभाली निःशुल्क सेवा की कमान

**दल्लीराजहरा।** नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चिखली, दल्लीराजहरा के जूनियर रेडक्रास सोसायटी के छात्रों द्वारा 19 मार्च से 27 मार्चतक गंगा मैय्या मंदिर, झलमला में निःशुल्क सेवा शिविर का आयोजन किया गया है। सेवा, समर्पण और अनुशासन का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करते हुए छात्र पूरे उत्साह के साथ श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे हुए हैं। रेडक्रास प्रभारी चन्द्रशेखर पवार ने बताया कि "सेवा धर्म हमारा है" के मूल मंत्र को आत्मसात करते हुए विद्यार्थियों को समाजसेवा से जोड़ने का यह प्रयास निरंतर जारी है। राज्य और जिला स्तर के मार्गदर्शन में हर वर्ष की तरह इस बार भी नवरात्रि के दौरान सेवा शिविर लगाया गया है, जिसका मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य, सहयोग और मानवीय संवेदनाओं को बढ़ावा देना है।

इस सेवा शिविर में भाग लेने के लिए जिलेभर के रेडक्रास जूनियर्स आवेदन करते हैं, लेकिन चयन उन्हीं छात्रों का होता है जो सेवा के प्रति समर्पित और अनुशासित होते हैं। पालकों और विद्यालय की सहमति के बाद ही विद्यार्थियों को इस जिम्मेदारी के लिए भेजा जाता है। इस वर्ष 10 चयनित छात्र मंदिर परिसर में विभिन्न सेवाओं के माध्यम से अपनी भूमिका निभा रहे हैं। दलनायक भास्कर कृषान ने बताया कि सभी वालेंटियर कक्षा 10वीं और 12वीं के छात्र हैं और संस्था पिछले 10 वर्षों से लगातार सेवा कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि मंदिर परिसर में सेवा करते हुए आत्मिक संतोष मिलता है और यहां एकता, अनुशासन







और सहयोग की भावना को नजदीक से समझने का अवसर मिलता है। छात्रों की दिनचर्या सुबह से ही शुरू हो जाती है। मंदिर परिसर, मेला क्षेत्र, पार्किंग स्थल और शौचालयों की साफ-सफाई के साथ सेवा कार्य की शुरुआत होती है। इसके बाद श्रद्धालुओं और सेवादारों को स्वल्पाहार और खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया जाता है। अलग-अलग टीम बनाकर जिम्मेदारियां बांटी गई हैं, जिससे हर कार्य सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हो रहा है। सह-दलनायक शशिकांत और गौरव ने बताया कि सेवा शिविर में कार्यों का विभाजन टोली के अनुसार किया गया है। कोई टोली नारियल हटाने का कार्य कर रही है, तो कोई भोजशाला में भोजन वितरण में जुटी है, वहीं अन्य टोली कार्यक्रमों में आए दलों के लिए भोजन और चाय की व्यवस्था संभाल रही है। खास बात यह है कि सभी वालेंटियर पूरी निष्ठा के साथ निःशुल्क सेवा दे रहे हैं और बदले में किसी भी प्रकार का उपहार स्वीकार नहीं करते। इस सेवा शिविर के माध्यम से छात्रों को न केवल सामाजिक जिम्मेदारियों का बोध हो रहा है, बल्कि वे अनुशासन, नेतृत्व और टीमवर्क जैसे महत्वपूर्ण गुण भी सीख रहे हैं। बीते एक दशक से लगातार इस प्रकार के आयोजन से क्षेत्र में सेवा और सहयोग की भावना को नई दिशा मिल रही है। रेडक्रास सोसायटी बालोद और शिक्षा विभाग से जुड़े पदाधिकारियों ने इस पहल की सराहना करते हुए छात्रों के उज्ज्वल भविष्य और उनके सेवा भाव को समाज के लिए प्रेरणादायी बताया है। यह सेवा शिविर न केवल श्रद्धालुओं के लिए सहायक साबित हो रहा है, बल्कि युवाओं में संस्कार, संवेदनशीलता और राष्ट्रनिर्माण की भावना को भी सशक्त कर रहा है।


## विधायक सिन्हा ने विभिन्न मंदिरों में की पूजा-अर्चना व क्षेत्रवासियों के लिए सुख, समृद्धि की कामना की









**गुरूर।** संजारी बालोद विधानसभा विधायक संगीता सिन्हा चैत्र नवरात्रि के पंचमी के पावन अवसर पर अपने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जगतरा स्थित दुर्गा मंदिर, ग्राम पेटेचुवा की ऐतिहासिक मां कंकालीन मंदिर एवं ग्राम नारागांव स्थित प्रसिद्ध मां सियादेवी मंदिर एवं गुरूर नगर के शीतला माता मंदिर में पहुंचकर आस्था के महापर्व पर पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों के सुख एवं समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर विधायक के साथ उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी तामेश्वर साहू, बालोद ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र सिन्हा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरूर दुर्गूराम सिन्हा, सुमीत राजपूत, विधायक प्रतिनिधि जनपद पंचायत गुरूर टोमन साहू, धीरज उपाध्याय, युवा नेता हिमांशु लावत्रे, उमेद सलाम, पीआर ठाकुर, रूपेंद्र गावड़े, हीरामन सोरी, नोमेश दुग्गा सहित स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### नवरात्रि में शीतला माता मंदिर में 56 मनोकामना ज्योति कलश स्थापित





**बालोद/कलंगपुर।** चैत्र नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर ग्राम कलंगपुर के शीतला माता मंदिर में माता के भक्तों के द्वारा 19 मार्च को 56 मनोकामना ज्योति कलश स्थापित किया गया है। जहां सुबह शाम माता जी की दरबार में ग्राम विकास समिति की सदस्यों एवं ग्रामीण जनों के द्वारा माता की आरती व पूजा अर्चना व प्रसाद वितरण किया जाता है। साथ ही संध्या आरती पश्चात मंदिर प्रांगण में स्थानीय माता सेवा मंडली के द्वारा माता सेवा गायन कार्यक्रम किया जाता है।

### ओटेबंद में 84 ज्योति कलश स्थापना, नवरात्र पर भक्ति का माहौल



**अंडा।** ओटेबंद चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर ग्राम ओटेबंद स्थित श्री विष्णु धाम महायज्ञ मंदिर में भक्तिमय माहौल के बीच 84 ज्योति कलश की स्थापना की गई है। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है और पूरा वातावरण भक्ति रस में डूबा हुआ है। नवरात्र के दौरान प्रतिदिन पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जा रहे हैं। श्रद्धालु माता की आराधना कर सुख-समृद्धि और शांति की कामना कर रहे हैं। इस धार्मिक आयोजन में पंडा शोभाराम साहू की विशेष भूमिका रही। साथ ही पुजारी पं. शिवम महाराज, रामायण महाराज और विनोद महाराज द्वारा विधि-विधान से पूजा संपन्न कराई जा रही है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोगी के रूप में रोहित चंद्राकर, शिव यादव, भूपेंद्र चंद्राकर, जगदीश यादव और होरी लाल साहू का महत्वपूर्ण योगदान रहा। नवरात्र के इस पावन अवसर पर पूरे गांव में आस्था और उत्साह का वातावरण देखने को मिल रहा है।

### चैत्र नवरात्रि पर शीतला दरबार में 39 ज्योति कलश स्थापित



**अंडा।** ग्राम पंचायत चिंगरी स्थित प्रसिद्ध शीतला दरबार में चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर भक्ति और श्रद्धा का माहौल बना हुआ है। यहां बैगा सालिक राम निर्मलकर के मार्गदर्शन में 39 ज्योति कलश स्थापित किए गए हैं, जो क्षेत्र के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बने हुए हैं। नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन माता शीतला की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जा रही है। सुबह-शाम आरती और भजन-कीर्तन से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में डूबा हुआ है। दूर-दूर से श्रद्धालु माता के दर्शन करने पहुंच रहे हैं और मनोकामनाएं मांग रहे हैं। इस अवसर पर बैगा सालिक राम निर्मलकर ने बताया कि ज्योति कलश स्थापना से क्षेत्र में सुख-शांति और समृद्धि की कामना की जाती है। श्रद्धालुओं में इस आयोजन को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। नवरात्रि पर्व के दौरान मंदिर परिसर में व्यवस्था को लेकर भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है, जिससे दर्शनार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। पूरे गांव में भक्तिमय माहौल बना हुआ है और हर ओर जय माता दी के जयकारे गूंज रहे हैं।

### जोगीमठ बाबा मंदिर सहित विभिन्न देवी धामों में प्रज्वलित हुई आस्था की ज्योत



बालोद/कलंगपुर। ग्राम चारभांठा कलंगपुर मध्य में स्थित पावन एवं धार्मिक स्थल जय जोगीमठ बाबा मंदिर में चैत्र नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर 19 मार्च से भक्तों के द्वारा मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना किया गया है। जहां सुबह शाम मंदिर प्रांगण में जोगीमठ जन सेवा समिति के द्वारा माता जी आरती पूजा अर्चना एवं शाम को प्रतिदिन सेवा भजन मंडली के द्वारा माता सेवा गायन कार्यक्रम किया जाता है। इसी तरह ग्राम बोरगहन स्थित मां भरारीपाट मंदिर में 96 मनोकामना ज्योति कलश स्थापित किया गया है। ग्राम डोंगीतराई के दुर्गा मंदिर एवं ग्राम रजोली के माता मंदिर में भी ज्योति कलश स्थापित किया गया है।

### खंडेलवाल समाज का होली मिलन, महिलाओं ने दी प्रस्तुति

**भिलाई।** खंडेलवाल दिगंबर जैन सभा मोहनलाल बाकलीवाल स्मृति भवन में समिति के प्रबंध कार्यकारिणी सदस्यों ने फूलों की पंखुड़ियां के होली खेली। सखी ग्रुप और प्रगति महिला मंडल द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल की पत्नी रजनी बघेल थीं। कार्यक्रम में महापौर नीरज पाल, पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल प्रमुख रूप से शामिल हुए। भगवान महावीर स्वामी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## नवरात्रि में स्वास्थ्य साधनाः योग, आयुर्वेद शिविर में उमड़ी भीड़

# पाटन में 5 दिनी योग, आयुर्वेद एवं प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जामगांव आर

हिंदू नव वर्ष एवं चैत्र नवरात्र की पावन बेला में गायत्री मंदिर परिसर पाटन में 5 दिवसीय योग, आयुर्वेद, पंचकर्म, प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन हुआ। पाटन ब्लॉक स्तरीय पतंजलि योग समिति एवं गायत्री शक्तिपीठ पाटन के तत्वाधान में आयोजित इस शिविर का समापन 24 मार्च को हुआ।



समापन समारोह में अतिथि पतंजलि योग समिति दुर्ग जिला प्रभारी नरेंद्र पटेल, संगठन मंत्री डॉ श्रीनिवास राव, कोषाध्यक्ष राजेश तिवारी, युवा भारती राज्य प्रभारी जयंत भारती, युवा प्रभारी धीरेंद्र वर्मा, ब्लॉक संरक्षक आसकरण जैन मंचासिन रहे। शिविर को सफल बनाने में योगाचार्य रामावतार चंद्राकर, महेंद्र साहू, रुपेश कुमार, ओकेश्वरी साहू, डॉ रश्मि मिश्रा, सुनीता धीवर, पिंकी साहू, आशा साहू, पंचराम साहू, राजेश ताम्रकार घनश्याम सिन्हा, किशन कुमार, उमेश पटेल की भूमिका सराहनीय रही। पतंजलि योग जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल ने कहा कि दो पल की जीवन में स्वर्णिम इतिहास बनाए। पंच तत्व से निर्मित शरीर की स्वस्थता के लिए प्रकृति के अनुरूप दिनचर्या बनाए, स्वस्थ रहे, मस्त रहे फिर देखे बीमारियां पास भी ना आए। यदा कदा आ भी गए तो उपचार के साइड इफेक्ट से बचने और स्वस्थ होने के लिए प्राकृतिक, योग एवं आयुर्वेद चिकित्सा अपनाएं। युवा भारत राज्य प्रभारी जयंत भारती ने कहा कि अपने लिए अच्छा जीना चाहते हो तो दूसरों के लिए भी जीना सीख लेना चाहिए, मानव अपना कर्तव्य धर्म निभाए जीवन उज्ज्वल बनाए।

कोषाध्यक्ष राजेश तिवारी ने मार्गदर्शन दिए। संगठन मंत्री श्रीनिवास राव ने कहा कि शरीर में आने वाले विकारों को बाहर करने में प्राकृतिक योग आयुर्वेद चिकित्सा स्वर्णिम अवसर प्रदान करती है। स्वास्थ धन जीवन में सर्वोपरि है। प्रशिक्षक स्वयं स्वास्थ का रोल मॉडल बनाए। संचालन पंच राम साहू ने किया। शिविर में श्रृंगी, कांसा, जानो, कांसा बर्तन, कपलिंग, जोंक, एक्यूप्रेशर, कपिंग थेरेपी से उपचार चिकित्सा हुई।

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्लीपर मात्र 13,500/
By Train-रिज़र्वेशन कोच
23 जून, 7 जुलाई, 21 जुलाई, 04 अगस्त 2026(11 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
अमरनाथ यात्रा
बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी, श्रीनगर
नोटः-अमरनाथ यात्रा का रजिस्ट्रेशन 13 अप्रैल 2026 से शुरू होने की संभावना है। अतः जो भी श्रद्धालु यात्रा पर जाना चाहते हैं, वे समय पर अपना रजिस्ट्रेशन एवं आवश्यक मेडिकल सर्टिफिकेट बनवा लें।
राशिः-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-[+ 5% GST]
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411